केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 233 गुरूवार 14 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### शैक्षणिक भ्रमण यात्रा को डीएम ने दिखाया हरी झण्डी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बुधवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले 200 बच्चों के शैक्षिक भ्रमण यात्रा की बस को जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने बच्चों को कैप, लंच पैकेट तथा खाद्य सामग्री वितरित करते हुए उनके सुखद यात्रा की कामना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय बच्चों के लिए एक्सपोजर विजिट एक अच्छी योजना है, जिसके परिणाम स्वरूप यह बच्चे भी देश दुनिया के विभिन्न नए स्थलों तथा विभिन्न नई चीजों से रूबरू हो सकेंगे। उन्होंने बच्चों से बात भी की। इन बच्चों को गौतमबुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर और गोरखपुर चिड़ियाघर की सैर कराई जायेंगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया जाता है। इस बार जनपद से विभिन्न स्कूलों व कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पढ़ने वाले 200 छात्र–छात्राओं को जिला समन्वयक सुनील त्रिपाठी के नेतृत्व में महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर तथा प्राणी उद्यान गोरखपुर का भ्रमण कराया जायेंगा। जहां बच्चों ने भगवान बुद्ध व उनके जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों के बारे में तथा चिड़ियाघर में विभिन्न प्रजातियों के जानवरों और पशु–पक्षियों की जानकारी हासिल करेंगे। इस अवसर पर सभी बच्चो को सफेद टोपी, परिचय पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### निणुण घोषित 80 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । निपुण घोषित 80 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र व मोमेण्टो कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेदव सी.एस., सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि सरोज मिश्रा, गुलाब चन्द्र सोनकर उपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि राज्य के विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निपुण भारत की निर्धारित दक्षताओं को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की समय अवधि से एक वर्ष पूर्व ही वर्ष 2025–26 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।उन्होने बताया कि दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम व साहित्य का विकास तथा बच्चों के लिए अभ्यास पुस्तिकाओं, ई कंटेंट, टीएलएम सहित विभिन्न सुविधाओं का विकास कर उसे स्कूलों में लागू किया गया। उन्होने बताया कि जनपद के कुल 1238 विद्यालयों के रैंडम आधार पर प्रति कक्षा 12 छात्र (कुल 36) का असेसमेंट डायट के प्रशिक्षुओं द्वारा दिनांक 26 नवंबर से 7 दिसंबर 2023 तक किया गया।

उन्होने बताया कि जनपद के कुल 80 विद्यालय प्रथम चरण में 80 प्रतिशत प्राप्तांको के आधार पर निपुण घोषित किए गए। इस अवसर पर बीएसए अनूप तिवारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी, करनाल से मनोहर लाल खट्टर, नागपुर से नितिन गडकरी को टिकट





नई दिल्ली (आभा)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों के नामों वाली दूसरी सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में हरियाणा के करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, नागपुर से नितिन गडकरी समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

बीजेपी ने अपनी दूसरी लिस्ट में हरियाणा की सिरसा सीट से अशोक तंवर को मैदान में उतारा है, जबकि गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह यादव मैदान में होंगे। इसके अलावा, अम्बाला से बंतो कटारिया, भिवानी–महेंद्रगढ़ से चौधरी धरमबीर सिंह को टिकट दिया है। वहीं, फरीदाबाद से कृष्ण पाल गुर्जर को टिकट मिला है। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को मैदान में उतारा गया है, जबकि शिमला से सुरेश कुमार कश्यप मैदान में होंगे।

कर्नाटक की चिक्कोडी सीट से अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, बागलकोट से पीसी गद्दीगौडर, बीजापुर से रमेश जिगजिणगी, गुलबर्गा से उमेश जी जाधव को टिकट दिया गया है। इसके अलावा, बेल्लारी से बी श्रीरामुलू, हावेरी से बसवाराज बोम्मई को मैदान में उतारा गया है। धारवाड़ से प्रल्हाद जोशी को टिकट दिया गया है। तुमकुर वी सोमन्णा को टिकट दिया गया है। बेंगलुरु साउथ से तेजस्वी सूर्या मैदान में होंगे।

मध्य प्रदेश की बात करें तो बालाघाट से भारती पारधी, छिंदवाड़ा से विवेक साहू, उज्जैन से अनिल फिरोजिया को टिकट दिया गया है। इंदौर से शंकर लालवानी को उम्मीदवार बनाया गया है।

महाराष्ट्र की धुले सीट से सुभाष रामराव भामरे, जलगांव से स्मिता वाघ, अकोला से अनूप धोत्रे को टिकट दिया गया है। नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी फिर से मैदान में होंगे। वहीं, जालना से रावसाहेब दादाराव दानवे को उम्मीदवार बनाया गया है।

उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से अनिल बलूनी, हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत को भी टिकट मिला है।

## सजा के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे धनंजय सिंह



**जौनपुर (आभा)।** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपहरण और रंगदारी में मिली सात साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। धनंजय सिंह ने सजा का आदेश रद करने और जमानत पर रिहाई देने की मांग हाईकोर्ट से की है। फिलहाल धनंजय की याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई होगी। धनंजय ने कुछ दिन पहले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। इसी बीच उन्हें नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में जौनपुर की स्पेशल कोर्ट (एमपी, एमएलए) ने सात साल की सजा सुना दी। सजा के बाद जेल जाते समय धनंजय ने चिल्ला–चिल्लाकर कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने से रोकने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। कुछ दिनों में ही लोकसभा चुनाव का ऐलान होना है और आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में इस बात पर चर्चा तेज है कि क्या धनंजय सिंह चुनाव लड़ पाएंगे।

हिस्ट्रीशीटर रहे धनंजय सिंह पर पहले से कई आपराधिक केस चल रहे हैं लेकिन सजा पहली बार किसी मामले में सुनाई गई है। धनंजय सिंह कई बार विधायक और 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे। इस बार भी लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। अब सजा के कारण उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। दो साल या इससे ज्यादा की सजा पाने वाले को चुनाव लड़ने पर पाबंदी है। ऐसे में धनंजय सिंह को अब हाईकोर्ट से उम्मीद है। उनके वकील ने फैसले की कापी मिलते ही हाईकोर्ट में अपील की बात कही है। हाईकोर्ट से तत्काल कोई राहत नहीं मिलती तो कम से कम इस लोकसभा चुनाव में धनंजय का उतरना मुश्किल हो जाएगा।

## चौहान समाज के लोगों ने किया कारागार मंत्री दारा सिंह का स्वागत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । प्रदेश के कारागार मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दारा सिंह चौहान का बुधवार को अनेक सामाजिक, राजनीतिक दलों के लोगों ने रामकेश चौहान के नेतृत्व में बडे वन के निकट फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। वे सड़क मार्ग से महराजगंज जा रहे थे।

दारा सिंह चौहान ने उपस्थित लोगों से कहा कि भाजपा की सरकार चौहान समाज के साथ ही सर्व समाज के हितों के लिये लगातार काम कर रही है। आगामी लोकसभा के चुनाव में चौहान समाज के लोग पूरी ताकत से भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में जुट जाय। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र सिंह चौहान, रमेश चौहान, लालमन चौहान, भगवत प्रसाद, धर्मेन्द्र चौहान, जगदीश चौहान, रामपाल चौहान, वृजभान चौहान, आत्मा चौहान, रामनरेश चौहान, शैलेन्द्र सिंह चौहान, महेश चौहान, प्रभुनाथ चौहान, हरिश्चन्द्र चौहान, लालमन चौहान, धर्मेन्द्र आदि शामिल रहे।

## सिंचाईबंधु की बैठक में अनुपस्थित रहे जिम्मेदार अधिकारी




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त कृषि यंत्रों से अधिकारी युद्धस्तर पर पात्र किसानों को लाभान्वित करें। अधिकारी फिल्ड हास्टल सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सभागार में आयोजित सिंचाई बन्धु की बैठक में उपाध्यक्ष गजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने उक्त निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उन्होने पाया कि कृषि विभाग योजनान्तर्गत सोलर पम्प वर्ष 2023–24 में लक्ष्य 464 के सापेक्ष 441 लोगों ने बुकिंग किया है तथा 309 व्यक्तियों द्वारा धनराशि जमा किया है। उन्होने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा यंत्रों की खरीद के बाद सब्सिडी समय से उनके खातों में आन्तरित किया जाय। उन्होने कहा कि अधिकारीगण शासन द्वारा संचालित योजनाओं से किसानों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करायें।

बैठक में उन्होने वन, गन्ना, समाज कल्याण, उद्यान, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चन्द्र सोनकर ने कहा है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में जिन किसानों को लाभ प्राप्त नही हुआ है, उसकी सूची कारण सहित उपलब्ध कराये। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सदर शैलेन्द्र दुबे, अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड–4 राकेश कुमार गौतम, विद्युत के महेन्द्र मिश्रा, नलकूप के संतलाल, बलिकरन चौहान, तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मुख्तार अंसारी को दूसरी बार उम्रकैद, फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में आजीवन कारावास



**लखनऊ (आभा)।** माफिया मुख्तार अंसारी को फर्जी तरीके से डबल बैरल बंदूक का लाइसेंस लेने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मुख्तार पर दो लाख दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। विशेष न्यायाधीश (एमपी–एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत ने पूर्व विधायक बाहुबली मुख्तार अंसारी को आईपीसी की धारा 428, 467, 468, 120बी व आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत मुख्तार पर आरोप सिद्ध होने पर दोषी माना था। इस दौरान बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार अंसारी भी अदालत में हाजिर हुआ। पिछले डेढ़ सालों में मुख्तार अंसारी को आठवें मामले में सजा सुनाई गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या में भी मुख्तार को उम्रकैद की सजा हुई थी।

अदालत ने मुख्तार अंसारी को धारा चार धाराओं में अलग–अलग सजा सुनाई है। धारा 467 में आजीवान कारावास और एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 420 में 7 वर्ष की सजा सुनाई गई है। 50 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 468 में सात वर्ष की सजा और 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन महीने की अतिक्त सजा भुगतनी होगी।

इसके अलावा 30 आयुष अधिनियम में छह माह की सजा और दो हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसमें जुर्माना नहीं देने पर एक सप्ताह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने यह भी कहा कि सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। जेल में पहले से बिताए गए समय को सजा में समायोजित भी किया जाएगा।

मुख्तार अंसारी ने 10 जून 1987 को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिला मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र दिया था। तत्कालीन डीएम व एसपी के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति पत्र प्रस्तुत कर शस्त्र लाइसेंस ले लिया गया था। फर्जीवाड़ा उजागर होने पर सीबीसीआईडी ने चार दिसंबर 1990 को गाजीपुर के मुहम्मदाबाद थाने में मुख्तार अंसारी, तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर समेत पांच नामजद एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।जांच के बाद तत्कालीन आयुध लिपिक गौरीशंकर श्रीवास्तव और मुख्तार अंसारी के विरुद्ध 1997 में अदालत में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान गौरीशंकर श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। इसके चलते उनके विरुद्ध वाद समाप्त कर दिया गया।

अभियोजन ने प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, पूर्व डीजीपी देवराज नागर समेत 10 गवाहों के बयान दर्ज किए थे। पिछली कई तिथियों पर सुनवाई के दौरान आरोपी के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने लिखित बहस के साथ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग भी कोर्ट में दाखिल की थी। अभियोजन की ओर से भी रूलिंग पेश की गई थी।

फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण मुख्तार अंसारी को 8वें मामले में सजा सुनाई गई है। इसके पहले उसे सात मामलों में भी सजा हो चुकी है। उनसमें तीन सजा वाराणसी की एमपी–एमएलए कोर्ट से हुई है। फर्जी असलहा लाइसेंस प्रकरण के अलावा रुंगटा परिवार को बम से उड़ाने की धमकी में 15 दिसंबर 2023 को पांच साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई थी। चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में पांच जून 2023 को उम्रकैद, गैंगस्टर एक्ट में गाजीपुर की एमपीध्एमएलए कोर्ट एएसजे–चतुर्थ से 29 अप्रैल, 2023 को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और पांच लाख रुपये का अर्थदंड, गैंगस्टर एक्ट में ही गाजीपुर की एमपीध्एमएलए कोर्ट से 15 दिसंबर 2022 को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और पांच लाख रुपये जुर्माना की सजा हुई है।

## 328 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास



**बरेली (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली में 328 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में आईटी पार्क और महादेव सेतु शामिल हैं, जो नाथनगरी बरेली की पहचान बनेंगे। सीएम योगी ने कहा कि नाथनगरी के विकास से बरेली को विरासत और विकास का संगम मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने यूपी में 7 सालों में 56 लाख मकान और 3 करोड़ टॉयलेट बनवाए हैं।

सीएम योगी ने बरेली में कहा कि सभी जिलों में विकास के काम भेदभाव के बिना किए जा रहे हैं। आज सुरक्षा का वातावरण, बड़े पैमाने पर बड़े औद्योगिक समूह यूपी में निवेश कर रहे हैं। यूपी के युवाओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं है यहां तक कि बाहर के युवा भी अब यहां जॉब के लिए आएंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि सपा और कांग्रेस आस्था का सम्मान नहीं कर पाते। पहले राम का नाम लेते ही गोली–लाठी चलने लगती थी।

15 मिनट के भाषण में सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र और यूपी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बोला। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। दुश्मन भारत को आंखे नहीं दिखा सकता, आंखें दिखाने वालों को सबक सिखा रहे हैं।

## गोरखपुर- बस्ती मण्डल में सक्रिय है गरीबों को दारू, मुर्गा खिलाकर जमीनों की रजिस्ट्री कराने वाला गिरोह




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सीएए कानून का विरोध वही लोग कर रहे हैं, जिनको इसकी समझ नहीं है। यह कानून सबके हित में ध्यान में रखकर लाया गया है। कानून के नाम पर विपक्ष ही विरोध कर रहा, उन्हीं के नेता मुस्लिम समाज को गुमराह कर रहे हैं। कहा कि, इससे बदलाव आएगा।

ओपी राजभर सुभासपा नेत्री नंदनी राजभर की हत्या के बाद परिजनों को सांत्वना देने सड़क मार्ग से संतकबीरनगर जा रहे थे। हाईवे पर चौनपुरवा स्थित एक ढाबे पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उसके बाद वह पत्रकारों से वार्ता किए। उन्होंने कहा कि गोरखपुर व बस्ती मंडल में एक ऐसा रैकेट काम सक्रिय है जो गरीबों को मुर्गा व दारू खिला–पिलाकर उनकी जमीनों की रजिस्ट्री करा लेता है। आए दिन इस तरह के मामले दोनों मंडलों में हो रहे हैं। यही मामला संतकबीरनगर में भी हुआ, जहां एक व्यक्ति की जमीन नशे में बैनामा करा ली गई। जब उस व्यक्ति को होश आया तो वह रुपये मांगने गया तो उसे संबंधित लोगों ने उसे भगा दिया। फिर वह जाकर ट्रेन के नीचे कटकर जान दे दी। इसी मामले की पैरवी नंदिनी राजभर कर रही थीं। उन्हीं लोगों ने नंदिनी की हत्या कर दी। हत्या करने वाले लोगों का मनोबल सपा सरकार में बढ़ गया था। जिसे योगी आदित्यनाथ की सरकार तोड़ने का कार्य कर रही है। कानून का राज कायम है। नंदिनी के परिवार को न्याय मिलेगा। कहा कि सपा–बसपा के समर्थन से कांग्रेस सरकार चली, लेकिन महिलाओं का ध्यान नहीं दिया गया। एक सवाल पर कहा कि पीला गमछा पार्टी की पहचान है। थाने में यदि कार्यकर्ता जाएंगे तो दारोगा को यह नहीं पूछना पड़ेगा कि किस पार्टी से हो। कहा कि पहले कि सरकारों ने गरीबों के हक पा डाका डाला। अब सीधे लाभ गरीबों को मिल रहा। बिचौलिए खत्म हो गए हैं। कहा कि पहले भी कुछ अधिकारी सपा से मिलकर काम करते थे, कुछ ऐसे भी हैं। इस दौरान विधायक महादेवा दूधराम, पूर्व विधायक रामललित चौधरी, जिलाध्यक्ष मनोज राजभर आदि मौजूद रहे।

## बोर्ड की बैठक में गनेशपुर के समुचित विकास का निर्णय



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बुधवार को नगर पंचायत गनेशपुर बोर्ड की बैठक वार्ड नम्बर 4 के चंद्रशेखर आजाद नगर के कैम्प कार्यालय पर अध्यक्ष सोनमती चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन अधिशाषी अधिकारी शिव प्रताप सिंह ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्लान बनाकर नगर पंचायत गनेशपुर का समुचित विकास किया जाएगा। अध्यक्ष सोनमती चौधरी ने बताया कि मुख्य सड़क व जल निकासी के लिए नालो और नालियों का निर्माण,विधुत पोल,जर्जर तार व पुराने ट्रांसफार्मर की जगह नए ट्रांसफार्मर की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।जल संरक्षण के लिए ताल पोखरों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराकर जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए उपयोग में लाया जाएगा एवं तीन नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की जाएगी इस मौके पर अधिशासी अधिकारी शिव प्रताप सिंह ने कहा कि शासन के मंशानुरूप सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा प्रसाद चौधरी,मो.आरिफ,रिंकू यादव सभासद रेशमा देवी,निर्मला देवी,अंकित कुमार, ब्रम्हा प्रसाद,मो.फरहान , इंद्रजीत यादव,मो.फारूक, सुमन,गणेश कुमार, शिवनारायण, दुर्गेश कुमार,पूजा,सुनीता देवी,मधु श्रीवास्तव,मो.मुख्तार आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने खोले विधानसभावार चुनाव कार्यालय



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी बस्ती ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी का विधिवत आगाज कर दिया है। बुधवार को बस्ती में लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभावार चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। भाजपा के क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थनाथ सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, विधायक अजय सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, लोकसभा प्रभारी सेतभान राय व लोकसभा संयोजक केडी चौधरी के साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित नेताओं की उपस्थिति में कार्यालय खोले गये।

जानकारी देते हुए किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा ने बताया कि लोकसभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पहले हो चुका है वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन पूजन के साथ लोकसभा चुनाव के निमित्त भाजपा का विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन चार विधानसभा क्षेत्रो विधानसभा हर्रैया में हर्रैया कस्बे में, कप्तानगंज में कप्तानगंज हाइवे पर, महादेवा में गायघाट, रुधौली में पावर हाउस के सामने रुधौली में चुनाव कार्यालय बनाया गया है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चुनाव कार्यालय खोला गया।

इस अवसर पर सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष है तथा भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। हम सभी कार्यकर्ताओं को बस्ती में भाजपा की जीत के लिए कार्य करना है। भाजपा व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश इस मंत्र पर चलती हैं। विपक्ष पर हमला बोलते हुए सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि देश में विपक्ष अपनी पहचान तथा विश्वसनीयता खो चुका है, विपक्ष कहीं नजर नहीं आता है प्रदेश में भी इस बार फिर से कमल खिलेगा ऐसा उन्हें विश्वास है। कमल के निशान पर चुनाव लड़ रहे हैं कमल निशान ही हमारा प्रत्याशी है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय ने कहा कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझ कर चुनाव लड़ता है। उन्होंहने कहा कि भाजपा में प्रत्याशी नहीं, पार्टी चुनाव लड़ती है। व्यक्ति विशेष नहीं कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है कार्यकर्ताओं के बलबूते पर ही चुनाव लड़े जाते हैं। बस्ती में भाजपा की जीत के लिए कार्य करना है। आज से चुनावी लड़ाई शुरू हो गई है सभी कार्यकर्ता उसके लिए कमर कस लें।

सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भी भाजपा बड़ी जीत प्राप्त करेगी। सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आम जनता में उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटीयों तथा केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के चलते केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना निश्चित है। लोकसभा चुनाव प्रभारी सेतभान राय ने कहा कि घर–घर संपर्क को और सघन किया जाए।

इस मौके पर पूर्व विधायक रवि सोनकर राजेश पाल चौधरी, कुँवर आनन्द सिंह, यशकांत सिंह, सुखराम गौड़, आनन्द सिंह कलहंस, राकेश शर्मा, राजेंद्र गौड़ विनोद शुक्ल, विनोद सिंह, अनिल दुबे, पिन्टू तिवारी, रवि तिवारी, श्रुति कुमार अग्रहरी, राना दिनेश प्रताप सिंह, रघुनाथ सिंह, सुनील सिंह, ई0अरविंद पाल, जगदीश शुक्ल, राना नागेश प्रताप सिंह, सुजीत सोनी, दुष्यंत सिंह, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक निषाद, नितेश शर्मा, दिलीप पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, सुशील सिंह, महेश शुक्ल, भोला निषाद, जटाशंकर शुक्ल, अंकुर वर्मा, इं० वीरेंद्र कुमार मिश्र, गौरवमणि त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, प्रमोद चौधरी गिल्लम, जगदीश अग्रहरी, विजय गुप्ता, सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर, मनोज पाठक, श्वेतांक शेखर सिंह, प्रत्युष विक्रम सिंह, दीपू निषाद, अपना दल के प्रदेश सचिव झिनकान चौधरी, संजय चौधरी, पिंटू सोनकर, विनय सिंह सोनू, फूलचंद यादव, वरुण पाण्डेय, श्रीश पांडेय, चिन्तराम वर्मा जी राजेश द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, राम सृंगार ओझा जी, अखण्ड प्रताप सिंह, वैभव पांडेय, बजरंग बिहारी पांडेय, वरूण सिंह, गौरव अग्रवाल, राकेश उपाध्याय, अतुल यादव, श्यामनाथ चौधरी, अरविन्द चौरसिया, राम नेवास गिरि सहित बड़ी भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी, उन्मुखीकरण समारोह में शिक्षा को बेहतर बनाने पर विमर्श

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

पौली (संतकबीर नगर)। ब्लाक संसाधन केंद्र पौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के परिसर में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी जर्नादन यादव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि धनघटा नगरपंचायत प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण दुबे व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत दिनेश राय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत हैसर लक्ष्मी नारायण दूबे ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षको के कठिन परिश्रम से बेसिक शिक्षा में बड़ा बदलाव आया है। जिसका उदाहरण ग्राम पंचायतो के विभिन्न स्कूलों पर देखने को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने कायाकल्प योजना चला कर सभी मूलभूत सुविधा मुहैया करा दी है। शिक्षा क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण अभियान चलाकर बच्चों को निपुण किया जा रहा है। अब परिषदीय विद्यालय किसी कानवेंट से कम नही है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दिनेश राय ने कहा कि विद्यालय के विकास में ग्राम प्रधान व ब्लाक के अधिकरियो का महत्वपूर्ण योगदान होता है। स्कूलो के विकास में जो धान आए बिना बटवारा किए धन का सदुपयोग करे।

खण्ड विकास शिक्षाधिकारी जर्नादन यादव ने कहा कि विद्यालयों के विकास में ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष और प्रधानाध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानगण कायाकल्प योजना के तहत अधिकांश विद्यालयो के सभी पैरामीटर तो पूरा कर लिए है लेकिन कुछ अवशेष भी है। उहें भी पूर्ण कराएं। डीबीटी योजना पर विस्तार से बताते हुए कहा कि अभिभावक के खाते में ड्रेस, स्वेटर व जूता मोजा का धन आने वाला है। उसे जरुर खरीदे। साथ ही साथ सरकार की अन्य योजनाओ को भी गिनाया और सभी आगंतुका का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया।

विद्यालयो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पच्चासों ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक व एसएमसी अध्यक्ष को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष उदय प्रताप यादव ने किया।

कार्यक्रम मे विपिन कुमार, भोलेंद्र नाथ, रतीभान चौधरी, मनीराम चौहान, राम मोहन शुक्ला, राजेश गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, हरिराम यादव, दिलीप कुमार, अजय मौर्या, राजेंद्र यादव, अजय कुमार, रमाशंकर, रामगोपाल, देवेंद्र कुमार, राजकुमार यादव, बद्री विशाल गौतम, रऊफ खान, मुबारक अली, मुमताज अहमद, कमलेश तिवारी, विकास मिश्रा, नवल किशोर, चंद्रमणि, कौशलेंद्र प्रताप, रोहित कुमार, आरती यादव, रतना पांडेय, गीता यादव, उर्मिला देवी, पूनम यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# हड़हवा फाटक रोड के चौड़ीकरण से टूटेंगे 1000 मकान

संवाददाता—गोरखपुर। गोरखपुर के हड़हवा फाटक के अगल—बगल खाली पड़ी जमीनें खरीदकर पांच दशक पहले घर बनवाने वालों ने तब सपने में भी नहीं सोचा था कि उनके इलाके में भी फोरलेन और टू लेन जैसी चौड़ी सड़क बनेगी। लेकिन अब जब यह साकार होने जा रहा है तो सड़क के किनारे घर बनवाने वालों को इसकी भारी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। क्योंकि चौड़ीकरण के लिए गोरखनाथ मंदिर रोड से लेकर मेडिकल कॉलेज रोड के एचएन सिंह चौराहे तक करीब पांच किलोमीटर के बीच सड़क के दोनों तरफ के लगभग एक हजार मकान व दुकानों पर बुलडोजर चलाना होगा। स्थानीय लोग इस सड़क चौड़ीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन इतना जरूर चाहते हैं कि उनका मकान उतना ही तोड़ा जाए, जिससे कि वजूद बचा रहे। इन सबके बीच मकान व जमीन की पैमाइश होने से इस इलाके में खलबली मची हुई है। एचएन सिंह चौराहे से बशारतपुर के रास्ते हड़हवा फाटक होते हुए हुमायूंपुर चौराहे से मुड़कर गोरखनाथ मंदिर तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण होना है।

इस मार्ग पर दिन—रात वाहनों की आवाजाही रहती है। हड़हवा फाटक पर ओवरब्रिज बनना है। इस सड़क व पुल निर्माण कार्य का सीएम शिलान्यास भी कर चुके हैं। पहले पुल निर्माण के लिए जगह की तलाश हो रही है। मंगलवार दोपहर में हड़हवा फाटक से हुमायूंपुर के बीच जमीनों की पैमाइश हो रही थी। बताया गया कि वर्तमान सड़क के मध्य रेखा से दोनों तरफ 17—17 मीटर जमीन ली जानी है। हड़हवा फाटक के पास सड़क के किनारे स्टेशनरी की छोटी सी दुकान चलाने वाले परवेज कहते हैं कि सड़क चौड़ा होने की सबसे अधिक खुशी उन लोगों को है जिनका मकान सड़क से पीछे था। क्योंकि वर्तमान सड़क के मध्य रेखा से दोनों तरफ 17 मीटर जमीन ली जा रही है। अब जिनके घर सड़क के किनारे हैं, उनका दो तिहाई से भी अधिक हिस्सा निकल जा रहा है। किसी का चार फिट बच रहा है तो किसी का छह फिट। इतनी जगह में एक दुकान भी नहीं बनेगी। ऐसे में अगली कतार साफ हो जाएगी और पीछे वाले फ्रंट पर आ जाएंगे। अभी तक जो फ्रंट पर हैं वे यहां से उजड़ जाएंगे। वहां खड़े राकेश निषाद इनकी बात का समर्थन करते हुए कहते हैं कि अब तो मोहल्ला ही उजड़ जाएगा। हड़हवा फाटक से हुमायूंपुर चौराहे की तरफ करीब 20 मीटर आगे बढ़ने पर लाइन से मिट्टी के बर्तनों की दुकानें हैं। यहां पांच छह महिलाएं चर्चा कर रही थीं। 65 वर्षीया सुखराजी देवी की आंख डबडबा गई थी। कितना घर बचेगा के सवाल पर कहती हैं कि अब का बताईं बाबू, 45 साल पहले जब वियाह भइल रहे तब, ईहां तक आवे खातिर रिक्शा भी नाईं मिले। पैदल आवेके पड़े।

# कुसम्हीं जंगल में पुलिस से मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया चेन लुटेरा, पैर में लगी गोली

संवाददाता—गोरखपुर। एम्स थाना क्षेत्र के कुसम्ही क्षेत्र में महिलाओं के गले से चेन लूटने वाला एक बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। उसका साथी बाइक लेकर जंगल में भाग गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान पिपराइच थाना क्षेत्र के बड़की रेतवहिया निवासी अनिल चौहान के रूप में हुई। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



एसपी सिटी केके बिश्नोई ने बताया कि उसके एक अन्य साथी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के रामपुर माफी गांव की झिनकी अपने पति अतुल साहनी के साथ मंगलवार को बुढ़िया माता मंदिर पर दर्शन करने गई थीं। करीब दो बजे के बाद वह कुसम्ही पिपराइच मोड़ पर घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार करने लगीं। तभी एक बदमाश उनके गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। झिनकी की सूचना पर एक अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज करके पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। बताया जाता है कि इसके पहले बीते रविवार को खड़राइच गांव की गुड्डी सिंह के गले से सोने की चेन लूटकर बाइक सवार बदमाश भागे थे। घटना के बाद कुसम्हीं जंगल सहित अन्य जगहों पर पुलिस की पिकेट लगा दी गई। बुधवार की शाम बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस के पीछा करने पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक युवक के दाहिने पैर में गोली लगी। दूसरा तेजी से भाग निकला। घायल को पुलिस जिला अस्पताल ले गई। पूछताछ में उसने चेन लूट की घटनाओं में शामिल होना कबूल किया। उसके खिलाफ पहले से लूट के आठ मामले दर्ज हैं।

# अब घर बैठे रामलला की आरती देख सकेंगे भक्त



संवाददाता—अयोध्या। रामलला के भक्तों को राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक नई सुविधा प्रदान की गई है। भक्त घर बैठे हर दिन सीधे अयोध्या से आरती का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। दूरदर्शन रोज सुबह 6:15 बजे अयोध्या में राम मंदिर से दैनिक आरती का प्रसारण करेगा। इसका शुभारंभ हो गया है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से राम मंदिर भक्तों के लिए खोला गया था। मंदिर खुलते ही रामलला के दर्शन को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रामलला के दरबार में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना डेढ़ से दो लाख भक्त रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।

अभी कुछ दिन पहले ही रामलला की आरती में शामिल होने के लिए ट्रस्ट की ओर से पास की व्यवस्था शुरू की गई थी। श्रृंगार, भोग व शयन आरती में सम्मिलित होने के लिए ट्रस्ट की ओर से पास जारी किए जाते हैं। अब रामलला की सुबह 6रू15 बजे होने वाली श्रृंगार आरती के लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था शुरू कर दी गई है। दूरदर्शन ने मंगलवार को पहले दिन इसका ट्रायल किया है। बुधवार से रोजाना लाइव प्रसारण की सुविधा सुचारू रूप चलने लगी। 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक लगभग 75 लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि रामलला की श्रृंगार आरती का लाइव प्रसारण दूरदर्शन की ओर से शुरू कर दिया गया है । जल्द ही रामलला की संध्या आरती के भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था शुरू कराई जाएगी।

# शपथ ग्रहण समारोह आज

संवाददाता—गोरखपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी (आश्रित) जनकल्याण परिषद गोरखपुर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण गुरुवार को बार एसोसिएशन सभागार (कलेक्ट्रेट) में होगा।

यह जानकारी परिषद के नवनिर्वाचित जनसंपर्क अधिकारी संजय वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण का समारोह 1 बजे आयोजित होगा।

# छुट्टा गोवंश के हमले से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता—अयोध्या। स्थानीय तारुन बाजार में छुट्टा गोवंश सांड के हमले में 92 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बाजार निवासी राघवराम वर्मा के पिता गौरीशंकर पुत्र राम समुझ उम्र 92 वर्ष बुधवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर तारुन गोसाईंगंज मार्ग पर गये हुये थे। इसी दौरान सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश सांड में उन पर हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में उन्हें परिजन इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन ले गये। अस्पताल में मौजूद डॉ अभिषेक विश्वास व फार्माशिष्ट आर के वर्मा ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पीड़ित राघवराम वर्मा व अंकित ने बताया कि इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले भी सांड के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं।


## कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ0प्र0

**नवीन मण्डी स्थल- बस्ती**

पत्रांकः निर्माण/निविदा/बस्ती/2024—695    दिनांकः 12.03.2024

**-: अति0 अलपकालीन ई-निविदा सूचना :-**

निम्न कार्यों हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रुप से सुदृढ प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारी / फर्म से अलग अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई—टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 19.03.2024 को आनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है, ई—टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनाँक 19.03.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है, जो उसी दिन निविदाता ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुए) के समक्ष दिनांक 19.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आनलाइन खोली जायेगी। निविदा की तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय बिड खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | निविदा की श्रेणी | मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेण जो निविदा में प्रतिभाग कर सकते है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 33 | लोक सभा सामान्य निर्वाचन—2024 के दृष्टिगत नवीन मण्डी स्थल नौगढ़ में पूर्व निर्मित 08 नग 'अ' श्रेणी, 09 नग 'ब' श्रेणी एवं 29 नग 'स' श्रेणी दुकानों की मरम्मत/रंगाई—पुताई, क्षतिग्रस्त नाली की आंशिक मरम्मत तथा आन्तरिक सड़क की पैच मरम्मत इत्यादि कार्य। | 6.81 | 0.70 | 1700.00 | 15 दिन | 90 | "द" | अ, ब, स, द |

**नोटः—**

(1) धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (निर्माण) के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा साऊघाट बस्ती के **खाता संख्या 30394488595** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** एवं निविदा का मूल्य **खाता संख्या 30394488415** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** उप निदेशक (निर्माण) के नाम अलग—अलग आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा, एवं अपलोड भी करना अनिवार्य होगा।

(2) निविदादाता द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों में से यदि कोई भी प्रपत्र फर्जी पाया जाता है तो ऐसे निविदादाता द्वारा मण्डी परिषद के खाते में जमा जमानत धनराशि को मण्डी परिषद के खाते में जब्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(3) मण्डी परिषद मुख्यालय के आदेश पत्राक मु0अभि0ग्रेड—2/(1168 )/भाग—4/2005) /2022—641 दिनांक 11.08.2022 एवं पत्रांक 217 दिनांक 29.05.2023 एवं परिषद पत्रांक 487 दिनांक 11.07.2023 के अधीन 'अ' एव 'ब' श्रेणी मे मण्डी परिषद के अतिरिक्त अन्य सरकारी विभागों/कार्यदायी संस्थाओं (लो०नि०वि०, आर0ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, यू०पी०पी०सी०एल०) में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार निर्धारित नियमों के अनुरूप ही प्रतिभाग कर सकेंगे। पी0डब्लू0डी0, आर0ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, व यू०पी०पी०सी०एल०) 'अ' श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार "अ" व "ब" श्रेणी के कार्य में तथा "ब" श्रेणी में पंजीकृत फर्म "ब" श्रेणी के कार्य की निविदा में प्रतिभाग कर सकते है। अन्य श्रेणी के कार्यो में प्रतिभाग करने पर निविदा प्रथम दृष्टया निरस्त कर दी जायेगी।

(4) अन्य सरकारी विभागों मे पंजीकृत ठेकेदारों की निविदा प्रथम न्यूनतम आती है तो उन्हें मण्डी परिषद में पंजीकरण कराना होगा तथा अनुबन्ध गठन के समय 10 प्रतिशत अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करनी होगी।

(5) विस्तृत नियम व शर्तें आनॅलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**उप निदेशक (निर्माण)**



### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0 385/2019
शफीक अहमद
बनाम
रामफेर आदि

1. रामफेर 2. पंचम पुत्रगण हन्नान निवासीगण ग्राम सिगोड़ियों तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला—बस्ती
—प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग
3. महमूद अहमद 4. शफीक अहमद पुत्रगण मो0 नजीर निवासीगण ग्राम सिगोड़ियों तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला—बस्ती
—प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग
5. गया प्रसाद पुत्र बखेडू उर्फ सुरेमन साकिन बनगवा तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला—बस्ती
—प्रतिवादी तृतीय वर्ग

**तारीख पेशी 08—04—2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



### अदालती नोटिस
(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0 369/2023
मोहनलाल
बनाम
बेकारू आदि

1. बेकारू पुत्र दुलारे उम्र लगभग 60 साल 2. जगदम्बा प्रसाद पुत्र शिव प्रसाद उम्र 42 साल 3. रवि मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा उम्र करीब 30 साल 4. प्रदीप मिश्रा पुत्र रामसरन उम्र करीब 32 साल निवासीगण ग्राम छरौछा उर्फ सोखापुरवा तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 18—04—2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 04 के 18 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम



### अदालती नोटिस
सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुदाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय—श्रीमान पंचम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0 119/1990
नूरैन
बनाम
चन्दी

1. मनोज पुत्र लक्ष्मी 2. जीतु पुत्र लक्ष्मी 3. अनीता पत्नी लक्ष्मी समस्त निवासीगण ग्राम नगर खास तप्पा हवेली परगना नगर पूरव तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 29—04—2024**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 29 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबावदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0 373/2023
मो0 याकूब आदि
बनाम
रामनेवास आदि

1. रामनेवास उम्र 42 साल 2. रामलगन उम्र करीब 34 साल 3. विक्रम उम्र करीब 36 साल 4. जोधन उर्फ रामसेवक उम्र करीब 38 साल पुत्रगण अयोध्या 5. अयोध्या उम्र करीब 67 साल पुत्र गरीब समस्त साकिनान हरैया भैया तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला—बस्ती पो0—महुआर

**तारीख पेशी 25—04—2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



### अदालती नोटिस
इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश
(आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत—श्रीमान द्वादश अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला—बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0—21—2022
मूलवाद सं0 78/2015
राजेन्द्र सिंह
बनाम
मुन्नीलाल आदि

1. मुन्नी लाल 2. दयाराम पुत्रगण महाबीर साकिनान शिवपुर (वैरवा) तप्पा शिवपुर परगना बस्ती पश्चिम तहसील भानपुर जिला—बस्ती
—प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग
3. रामदुलारे सिंह मृतक पुत्र राज बहादुर सिंह 3/1 अमरजीत सिंह पुत्र राम दुलारे सिंह 4. रमेश सिंह 5. छत्रपाल सिंह पुत्रगण राजबहादुर सिंह साकिनान शिवपुर (वैरवा) तप्पा शिवपुर परगना बस्ती पश्चिम तहसील भानपुर जिला—बस्ती
—प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 15—03—2024**

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 15 माह 03 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0 334/2023
श्रीमती मालती
बनाम
रमाकान्त आदि

1. रमाकान्त 2. रामबसन्त पुत्रगण खेमई 3. रामधनी पुत्र मनोहर 4. बाबूराम पुत्र रामधनी 5. शम्भू पुत्र छागुर 6. चिन्तालाल पुत्र दयाराम 7. रामभजन पुत्र दयाराम साकिनान मौजा बैड़ारी एहतमाली तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 19—04—2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



### अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय—श्रीमान षष्टम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला—बस्ती
वाद सं0 882/2015
श्रीमती रीता मिश्रा
बनाम
श्रीमती इसराजी देवी आदि

1. श्रीमती इसराजी देवी पत्नी स्व0 श्रीराम सुमेर 2. श्रीराम पुत्र स्व0 सरजू प्रसाद 3. बालमुकुन्द 4. राजेन्द्र प्रसाद 5. वीरेन्द्र कुमार पुत्रगण हरीराम निवासीगण मौजा पचपेड़िया तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती

**तारीख पेशी 22—03—2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1—4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक—**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक—**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या—फैजाबाद कार्यालय—**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या—फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय—**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय—**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल **bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**